स्त्री-पुरुष के अनेक मुख—अनेक भावों, मुद्राओं और स्थितियों के—जिनसे लगता है कि ये मुख, ये चेहरे कुछ कहना चाह रहे हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। सप्रेषण नहीं हो पा रहा है। कहीं कोई अदृश्य करफ्यू लगा है। कहीं कोई रोक है, दीवार या चौहद्दी है, जिसे इस तरह न तो तोड़ना ही सभव हो पा रहा है, न बेधना, न ही आरपार कर देना।

एक निर्देशक के रूप मे मैं बड़ी गहराई और प्रभावपूर्ण ढग से यह बता देना चाहता था कि 'करफ्यू' क्या है, इसका अर्थ क्या है, इसका प्रभाव क्या है। करफ्यू वह नहीं है केवल, जो व्यवस्था द्वारा, कानून और आज्ञा से किसी शहर पर, कहीं भी, किसी समय शांति और सुरक्षा के लिए बाहर से लगा दिया जाता है। 'करफ्यू' दरअसल वह है जो स्वत: अपने आप पर लगा लिया जाता है। यह लगाया जाता है अपने सबध-बोध पर, अपने उस दृष्टिकोण पर जहां से, बल्कि जिस चश्मे से हम दूसरो को, इस आसपास के जगत, उसके यथार्थ को देखते है। एक 'स्लाइड' द्वारा मैं एक पुल दिखाता हूं। पुल के एक ओर एक स्त्री खड़ी है, दूसरी ओर पुरुष, दोनो एक दूसरे से कुछ कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। ऐसा कही कुछ अदृश्य, अजाना है, जो उनके सप्रेषण को नही होने दे रहा है—यही है 'करफ्यू'। चारों ओर भीड़ है, उस भीड़ मे एक मुख किसी को ढूढ रहा है, कुछ कहना है उसे, पर सभव नहीं हो पा रहा है। वह अकेला पड गया है उस मानसिक बौद्धिक करफ्यू के कारण जो चारो तरफ अदृश्य रूप से फैला है।

इसके लिए मैंने जाल का ही पूरा मच और करफ्यू का पूरा दृश्य विधान तैयार किया। जाल का ही बना हुआ कमरा है—जहा हम अपनी बैठक, सोने के कमरे मे स्वत: अनजाने कैद हैं। यह जाल हमी ने अपने हाथो अपने चारों तरफ बुना है। यह सच है कि जीवन

में कभी ऐसी घड़ी आती है, जब हम इस घेरे को तोड़ देना चाहते हैं—पर हम केवल व्यक्ति स्तर पर ऐसा करना चाहते हैं, जो असंभव है। यह संभव है केवल सामाजिक स्तर पर, जिसमें वे तमाम लोग सहभागी हों, जिनसे यह करफ्यू लगा समाज बना है, वे सब इस कार्य में शामिल हों। क्योंकि सब फंसे हैं उस जाल में। वह जाल अनेक स्तरों का है—वह सूक्ष्म भी है और स्थूल भी।

'करफ्यू' नाटक समाप्त होता है इस बिन्दु पर कि करफ्यू फिलहाल टूट गया है, पर हम उससे बाहर नहीं हैं। इसीके लिए नाटक का अंत उस पूजा भाव से है कि फिर ऐसा न हो। पर मैं दर्शकों को एक जबरदस्त धक्का देना चाहता था कि देखो तुम इससे मुक्त नहीं। तुम उसी घेरे में बंदी हो। जब तक तुम अकेले-अकेले इसे तोड़ने के लिए प्रयत्न करोगे, यह असंभव है। सब मिलकर ही इसे तोड़ सकते हैं। अलग होना ही तो है करफ्यू लगाना, मिल जाना, व्यक्ति से सामाजिक हो जाना ही तो है करफ्यू का स्वतः टूट जाना, टूट जाना।

मैंने 'करफ्यू' नाटक को आधुनिक भारतीय रंगमंच और नाट्य लेखन की एक महत्त्वपूर्ण रचना पाया है। बहुत गहरी, बहुत मानवीय है इसकी जीवन सामग्री, इसका विषय। इसके रंग-विन्यास, चरित्र और संवाद में अर्थपूर्ण काव्य तत्त्व है। 'करफ्यू' का एक सांस्कृतिक, राजनीतिक आयाम है, पर मुझे जो सबसे अधिक मूल्यवान हाथ लगा, वह है इसमें व्याप्त एक काव्य चेतना, एक गहन अनुभूति, दर्शकों को मैं यही अनुभव देना चाह रहा था। 'करफ्यू' बाहर लगा है, ऐसा क्यों कहते हो? किसी ने हम पर 'करफ्यू' लगा दिया है, ऐसा क्यों मानते हो? देखो न, करफ्यू लगा है हमारे भीतर। हमीं ने लगा रखे हैं। संबंध और है क्या?

स्त्री-पुरुष के अनेक मुख—अनेक भावों, मुद्राओं और स्थितियों के—जिनसे लगता है कि ये मुख, ये चेहरे कुछ कहना चाह रहे हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। सम्प्रेषण नहीं हो पा रहा है। कहीं कोई अदृश्य करफ्यू लगा है। कहीं कोई रोक है, दीवार या चोहद्दी है, जिसे इस तरह न तो तोड़ना ही संभव हो पा रहा है, न बेधना, न ही आरपार कर देना।

एक निर्देशक के रूप में मैं बड़ी गहराई और प्रभावपूर्ण ढंग से यह बता देना चाहता था कि 'करफ्यू' क्या है, इसका अर्थ क्या है, इसका प्रभाव क्या है। करफ्यू वह नहीं है केवल, जो व्यवस्था द्वारा, कानून और आज्ञा से किसी शहर पर, कहीं भी, किसी समय शांति और सुरक्षा के लिए बाहर से लगा दिया जाता है। 'करफ्यू' दरअसल वह है जो स्वतः अपने आप पर लगा लिया जाता है। *यह लगाया जाता है* अपने संबंध-बोध पर, अपने उस दृष्टिकोण पर जहां से, बल्कि जिस चश्मे से हम दूसरों को, इस आसपास के जगत, उसके यथार्थ को देखते हैं। एक 'स्लाइड' द्वारा मैं एक पुल दिखाता हूं। पुल के एक ओर एक स्त्री खड़ी है, दूसरी ओर पुरुष, दोनों एक दूसरे से कुछ कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। ऐसा कहीं कुछ अदृश्य, अजाना है, जो उनके सम्प्रेषण को नहीं होने दे रहा है—यही है 'करफ्यू'। चारों ओर भीड़ है, उस भीड़ में एक मुख किसी को ढूंढ रहा है, कुछ कहना है उसे, पर संभव नहीं हो पा रहा है। वह अकेला पड़ गया है उस मानसिक बौद्धिक करफ्यू के कारण जो चारों तरफ अदृश्य रूप से फैला है।

इसके लिए मैंने जाल का ही पूरा मंच और करफ्यू का पूरा दृश्य विधान तैयार किया। जाल का ही बना हुआ कमरा है—जहां हम अपनी बैठक, सोने के कमरे में स्वतः अनजाने कैद हैं। यह जाल हमीं ने अपने हाथों अपने चारों तरफ बुना है। यह सच है कि जीवन

में कभी ऐसी घड़ी आती है, जब हम इस घेरे को तोड़ देना चाहते हैं—पर हम केवल व्यक्ति स्तर पर ऐसा करना चाहते हैं, जो असंभव है। यह संभव है केवल सामाजिक स्तर पर, जिसमें वे तमाम लोग सहभागी हों, जिनसे यह करफ्यू लगा समाज बना है, वे सब इस कार्य में शामिल हों। क्योंकि सब फंसे हैं उस जाल में। वह जाल अनेक स्तरों का है—वह सूक्ष्म भी है और स्थूल भी।

'करफ्यू' नाटक समाप्त होता है इस बिन्दु पर कि करफ्यू फिलहाल टूट गया है, पर हम उससे बाहर नहीं हैं। इसीके लिए नाटक का अंत उस पूजा भाव से है कि फिर ऐसा न हो। पर मैं दर्शकों को एक जबरदस्त धक्का देना चाहता था कि देखो तुम इससे मुक्त नहीं। तुम उसी घेरे में बंदी हो। जब तक तुम अकेले-अकेले इसे तोड़ने के लिए प्रयत्न करोगे, यह असंभव है। सब मिलकर ही इसे तोड़ सकते हैं। अलग होना ही तो है करफ्यू लगाना, मिल जाना, व्यक्ति से सामाजिक हो जाना ही तो है करफ्यू का स्वत: टूट जाना, टूट जाना।

मैंने 'करफ्यू' नाटक को आधुनिक भारतीय रंगमंच और नाट्य लेखन की एक महत्त्वपूर्ण रचना पाया है। बहुत गहरी, बहुत मानवीय है इसकी जीवन सामग्री, इसका विषय। इसके रंग-विन्यास, चरित्र और संवाद में अर्थपूर्ण काव्य तत्त्व है। 'करफ्यू' का एक सांस्कृतिक, राजनीतिक आयाम है, पर मुझे जो सबसे अधिक मूल्यवान हाथ लगा, वह है इसमें व्याप्त एक काव्य चेतना, एक गहन अनुभूति, दर्शकों को मैं यही अनुभव देना चाह रहा था। 'करफ्यू' बाहर लगा है, ऐसा क्यों कहते हो? किसी ने हम पर 'करफ्यू' लगा दिया है, ऐसा क्यों मानते हो? देखो न, करफ्यू लगा है हमारे भीतर। हमीं ने लगा रखे हैं। सबध और है क्या?

स्त्री-पुरुष के अनेक मुख—अनेक भावों, मुद्राओं और स्थितियों के—*जिनसे लगता है कि ये मुख, ये चेहरे कुछ कहना चाह रहे हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। सम्प्रेषण नहीं हो पा रहा है। कहीं कोई अदृश्य करफ्यू लगा है। यहीं कोई रोक है, दीवार या चारदीवारी है, जिसे इस तरह न तो तोड़ना ही संभव हो पा रहा है, न वेधना, न ही आरपार कर देना।*

एक निर्देशक के रूप में मैं बड़ी गहराई और प्रभावपूर्ण ढंग से यह बता देना चाहता था कि 'करफ्यू' क्या है, इसका अर्थ क्या है, इसका प्रभाव क्या है। करफ्यू वह नहीं है केवल, जो व्यवस्था द्वारा, कानून और आज्ञा से किसी शहर पर, कहीं भी, किसी समय शांति और सुरक्षा के लिए बाहर से लगा दिया जाता है। 'करफ्यू' दरअसल वह है जो स्वतः अपने आप पर लगा लिया जाता है। यह लगाया जाता है अपने समझ-बोध पर, अपने उस दृष्टिकोण पर जहां से, बल्कि जिस चश्मे से हम दूसरों को, इस आसपास के जगत, उसके यथार्थ को देखते हैं। एक 'स्लाइड' द्वारा मैं एक पुल दिखाता हूं। पुल के एक ओर एक स्त्री खड़ी है, दूसरी ओर पुरुष, दोनों एक दूसरे से कुछ कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। ऐसा कहीं कुछ अदृश्य, *अजाना है, जो उनके सम्प्रेषण को नहीं होने दे रहा है—यही है 'करफ्यू'।* चारों ओर भीड़ है, उस भीड़ में एक मुख किसी को ढूंढ रहा है, कुछ कहना है उसे, पर संभव नहीं हो पा रहा है। वह अकेला पड़ गया है *उस मानसिक बौद्धिक करफ्यू के कारण जो चारों तरफ अदृश्य रूप से* फैला है।

इसके लिए मैंने जाल का ही पूरा मंच और करफ्यू का पूरा दृश्य विधान तैयार किया। जाल का ही बना हुआ कमरा है—जहां हम अपनी बैठक, सोने के कमरे में स्वतः अनजाने कैद हैं। यह जाल हमीं ने अपने हाथों अपने चारों तरफ बुना है। यह सच है कि जीवन

स्त्री-पुरुष के अनेक मुख—अनेक भावों, मुद्राओं और स्थितियों के—जिनसे लगता है कि ये मुख, ये चेहरे कुछ कहना चाह रहे हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। सम्प्रेषण नहीं हो पा रहा है। कहीं कोई अदृश्य कर्फ्यू लगा है। कहीं कोई रोक है, दीवार या चौहद्दी है, जिसे इस तरह न तो तोड़ना ही सम्भव हो पा रहा है, न बेधना, न ही आरपार कर देना।

एक निर्देशक के रूप में मैं बड़ी सफाई और प्रभावपूर्ण ढंग से यह बता देना चाहता था कि 'कर्फ्यू' क्या है, इसका अर्थ क्या है, इसका प्रभाव क्या है। कर्फ्यू वह नहीं है केवल, जो व्यवस्था द्वारा, कानून और आज्ञा से किसी शहर पर, कहीं भी, किसी समय शांति और सुरक्षा के लिए बाहर से लगा दिया जाता है। 'कर्फ्यू' दरअसल वह है जो स्वतः अपने आप पर लगा लिया जाता है। यह लगाया जाता है अपने संबंध-बोध पर, अपने उस दृष्टिकोण पर जहां से, बल्कि जिस चश्मे से हम दूसरों को, इस आसपास के जगत, उसके यथार्थ को देखते हैं। एक 'स्लाइड' द्वारा मैं एक पुल दिखाता हूं। पुल के एक ओर एक स्त्री खड़ी है, दूसरी ओर पुरुष, दोनों एक दूसरे से कुछ कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पा रहे हैं। ऐसा कहीं कुछ अदृश्य, अजाना है, जो उनके सम्प्रेषण को नहीं होने दे रहा है—यही है 'कर्फ्यू'। चारों ओर भीड़ है, उस भीड़ में एक मुख किसी को ढूंढ रहा है, कुछ कहता है उसे, पर सम्भव नहीं हो पा रहा है। वह अकेला पड़ गया है उस मानसिक बौद्धिक कर्फ्यू के कारण जो चारों तरफ अदृश्य रूप से फैला है।

इसके लिए मैंने जाल का ही पूरा मंच और कर्फ्यू का पूरा दृश्य विधान तैयार किया। जाल का ही बना हुआ कमरा है—जहां हम अपनी बैठक, सोने के कमरे में स्वतः अनजाने कैद हैं। यह जाल हमीं ने अपने हाथों अपने चारों तरफ बुना है। यह सच है कि जीवन

में कभी ऐसी घड़ी आती है, जब हम इस घेरे को तोड़ देना चाहते हैं—पर हम केवल व्यक्ति स्तर पर ऐसा करना चाहते हैं, जो असम्भव है। यह सम्भव है केवल सामाजिक स्तर पर, जिसमें वे तमाम लोग सहभागी हों, जिनसे यह करफ्यू लगा समाज बना है, वे सब इस कार्य में शामिल हों। क्योंकि सब फंसे हैं उस जाल में। वह जाल अनेक स्तरों का है—वह सूक्ष्म भी है और स्थूल भी।

'करफ्यू' नाटक समाप्त होता है इस बिन्दु पर कि करफ्यू फिलहाल टूट गया है, पर हम उससे बाहर नहीं हैं। इसीके लिए नाटक का अंत उस पूजा भाव से है कि फिर ऐसा न हो। पर मैं दर्शकों को एक जबरदस्त धक्का देना चाहता था कि देखो तुम इससे मुक्त नहीं। तुम उसी घेरे में बंदी हो। जब तक तुम अकेले-अकेले इसे तोड़ने के लिए प्रयत्न करोगे, यह असम्भव है। सब मिलकर ही इसे तोड़ सकते हैं। अलग होना ही तो है करफ्यू लगाना, मिल जाना, व्यक्ति से सामाजिक हो जाना ही तो है करफ्यू का स्वतः हट जाना, टूट जाना।

मैंने 'करफ्यू' नाटक को आधुनिक भारतीय रंगमंच और नाट्य लेखन की एक महत्त्वपूर्ण रचना पाया है। बहुत गहरी, बहुत मानवीय है इसकी जीवन सामग्री, इसका विषय। इसके रंग-विन्यास, चरित्र और संवाद में अर्थपूर्ण काव्य तत्त्व है। 'करफ्यू' का एक सांस्कृतिक, राजनीतिक आयाम है, पर मुझे जो सबसे अधिक मूल्यवान हाथ लगा, [illegible] में व्याप्त एक काव्य चेतना, एक गहन अनुभूति, दर्शकों को [illegible] देना चाह रहा था। 'करफ्यू' बाहर लगा है, ऐसा क्यों [illegible]? किसी ने हम पर 'करफ्यू' लगा दिया है, ऐसा क्यों मानते [illegible]न, [illegible] लगा है हमारे भीतर। हमीं ने लगा रखे हैं।

कन्नड़ में 'ययाति' के प्रदर्शनों से इसके अनुवाद की माँग के बाद कई निवेदन आये कि इसका अनुवाद शीघ्र हो सके नहीं आता। और इसमें न तुरत नहीं। अस्पष्टता, कृत्रिमता का अनुभव और भी अनेक दोषों और त्रुटियों से मुक्त नहीं कर रहे हैं।

नाटक लिखना मेरे लिए कविता से स्वाभाविक होता है। कविता नहीं आता। परन्तु मैंने इसका अन्त फिर से लिखा है —अंतिम अंक।

शरद भाई का पुणेवाली मंचन, और उनके प्रतिभा गायन की कविता की भूमिका के लिए इस कारण बहुत महत्त्वपूर्ण है कि मैंने यह अनुभव किया कि नाटक मूलतः अभिनेता का माध्यम है—जैसे कि दृश्य निर्देशक का माध्यम। इसलिए मैंने चाहा कि नाटक में अभिनेता को ही कैसे अपने नाटक की भाषा, संवाद और कार्य कर दिया जाए। अभिनेता स्वयं मेरा वाहक, माध्यम हो जाए और मैं स्वयं अभिनेता का वाहक, माध्यम हो जाऊँ।

—लाल

[राम निवास, उन्नीस सौ छिहत्तर
नई दिल्ली]

'करफ्यू' के बारे में लेखक की निजी डायरी से

हमारे समसामयिक समाज में मनुष्य के आपसी संबंध कुछ अजीब सीमाओं के भीतर ही जन्म लेते हैं और उसी सीमा में रहकर खत्म हो जाते हैं। इस दुर्भाग्य का सबसे कष्टपूर्ण उदाहरण हमारा दाम्पत्य जीवन है। पति-पत्नी, चाहे वे प्रेम-विवाह के फलस्वरूप मिले हों, चाहे परम्परागत विवाह से, एक-दूसरे को थोड़ा-सा जानकर उसी के भीतर बल्कि उसी थोड़ी-सी पहचान का करफ्यू लगाकर जीवन जीने लगते हैं। पति-पत्नी के व्यक्तित्व में और भी कितने अदृश्य, अनदेखे, बिना पहचाने, बिना ढूंढे, बिना तलाश किए हुए पक्ष 'डाइमेंशन्स' रह जाते हैं और हमारा दाम्पत्य जीवन कृत्रिमता, दिखावेपन, ढोंग का शिकार बनकर रह जाता है। पति-पत्नी अपने उस अनदेखे, अनतलाशे, व्यक्तित्व को अपने परिवार में, अपने आपसी संबंध में जब नहीं जी पाते तो वे जब भी कहीं उचित, अनुचित अवसर या स्थिति पाते हैं तो सहसा उसे (अप्रकट व्यक्तित्व को) प्रकटकर आश्चर्य-चकित हो जाते हैं और यहीं से एक नये जीवन का उद्घाटन सहसा हो जाता है।

इस नाटक का बाहरी परिवेश है एक ऐसा शहर, जहां पर कोई 'रॉयट' हो चुका है और पूरे शहर पर करफ्यू लगा दिया गया है। यह 'रॉयट' और करफ्यू एक तरह से हमारे जीवन के भीतर रॉयट और करफ्यू का ही प्रतिरूपन, बल्कि उसीका 'प्रोजेक्शन' है, 'एक्सटेंशन' है। हम यों भी कह सकते हैं कि चूंकि हमारा व्यक्तिगत जीवन

कलकत्ता के 'अनामिका' के प्रयोगों के प्रति मेरा आग्रह भी और है यह विश्वास भी कि इसका अंत नाटक से नहीं होगा। और इसलिए भी नहीं। अलग-अलग, जुगल का प्रयोग और भी अनेक लोगों और दिशाओं से पुन: जुड़ आ रहे हैं।

नाटक लिखना मेरे लिए कविता से स्वाभाविक होता है। ऐसा नहीं होता। परन्तु मैंने इसका अनुभव किया है—केवल अब।

राम-कथा का गुजराती रूपांतर, और उसके अनेक नाटक की कविता को भूमिका के लिए इस कारण बहुत महत्वपूर्ण है कि मैंने यह अनुभव किया कि नाटक मूलत: अभिनेता का माध्यम है—न कि लेखक-निर्देशक का माध्यम। इससे मैंने यह पाया कि नाटक में अभिनेता को ही केन्द्र माने नाटक की भाषा, संवाद और कार्य कर दिए जाएं। अभिनेता स्वयं ऐसा नाटक, माध्यम हो जाए, और मैं स्वयं अभिनेता का नाटक, माध्यम हो जाऊं।

—नाम

[राम दिनकर, उम्मीद की किरण
नई दिल्ली]

इसके बाद नाटक में तीसरे और चौथे ये दृश्य आते हैं और ये
दोनों दृश्य विभिन्न धरातलों पर कविता पर लगे कर्फ्यू के टूटने
के दृश्य हैं। पांचवें दृश्य में जब कविता अपने घर लौटती है और
उस सूने घर में अपने पति को देखती है तो उसे आज उस पूरे घ
का एक नया अर्थ मिलने लगा है। कविता एक नये जीवन के अनुभ
से होकर गुजरी है और यह अब शायद वह कविता नहीं है,
जो इस घर में कितने वर्षों से रहती आई है। पर गौतम भी अ
वह नहीं जो पहले केवल पति के रूप में इस घर में रहता आया है
उसने भी पहली बार एक नया जीवन-अनुभव पाया है और सा
ही अपने से उसका साक्षात्कार भी हुआ है। अर्थात् दोनों की तला
ने दोनों को एक नये जीवन-बिन्दु पर पहुंचाया है।

इस तलाश के बाद जब उसकी भेंट रात के पिछले पहर
अपनी पत्नी कविता से होती है तो वह फिर उन्हीं मूल्यों का सहार
लेकर अपने-आपको छिपाने की कोशिश करता है, जैसे कि व
पहले पत्नी के सामने करता रहा था। लेकिन इस बीच कवित
एक नयी स्त्री के रूप में उसके सामने आई है, जिसका अंदाज
परिचय पति को पहले नहीं है। यह नया साक्षात्कार स्वभावतः
थोड़ी देर के लिए गौतम बर्दाश्त नहीं कर पाता। तब क्षण-म
के लिए कविता उसी झूठ का सहारा लेने लगती है, जिसका सहार
अक्सर आज की ब्याही हुई स्त्रियां अपने जीवन में लेती हैं।
मजबूरन एक काल्पनिक अनुभव बताने लगती है, लेकिन नाटकी
परिणति के अनुसार उसकी वह कल्पना, वही घटा हुआ यथा
सिद्ध होने लगता है जो उस घर में गौतम और मनीषा के बी
कविता की अनुपस्थिति में घट चुका है। दोनों चुपचाप वहीं सह
मन में एक-दूसरे को पहली बार पा लेते हैं और यह पाना स

इस नाटक का पहला प्रस्तुतीकरण दिल्ली की संस्था 'अभियान' ने किया और इसका निर्देशन तथा प्रस्तुतीकरण योजना श्री टी० पी० जैन ने की। सौभाग्य से इस नाटक के चरित्रों का अभिनय अशोक सरीन (गौतम), कविता नागपाल (मनीषा), सुधा चोपड़ा (कविता) और श्याम अरोड़ा (संजय) ने किया। ये चारों अभिनेता दिल्ली के महत्त्वपूर्ण अभिनेता हैं और इसके निर्देशक श्री टी० पी० जैन को मैं नाटक का एक गम्भीर पाठक और व्याख्याकार मानता हूं। नाट्य-पाठ के दौरान टी० पी० जैन से इस नाटक को लेकर मेरी बहुत सारी बातें हुईं और हम दोनों ने मिलकर एक तरह से इस नाटक के मर्म को पाने की चेष्टा की। चरित्रों पर लगे करफ्यू अवश्य छूटने चाहिए, यह सत्य मैंने टी० पी० के साथ अनुभव किया। मैंने किसी तरह से रिचुअल मन्त्रों और लोकगीत के सहारे इस सत्य को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए कार्य किया। इसके लिए मैं टी० पी० जैन के साथ उन चारों अभिनेताओं का कृतज्ञ हूं जिन्होंने शुद्ध रंगमंचीय मुहावरे में इसे मंच पर प्रस्तुत कर इस नाटक में ध्वनित जीवन को एक अर्थ दिया और इसे साकार बनाया।

इस नाटक की मंच-कल्पना टी०पी० के साथ 'आइकेरस' के प्रकाश निर्देशक श्री एस० मुकर्जी ने की थी। मंच की सारी तस्वीर अर्थात् मंच पर एक कल्पनापूर्ण पर यथार्थ पिंजरा बनाया गया था और उस पिंजरे के भीतर ही इस नाटक के पांचों दृश्य प्रस्तुत किए गए थे। दो दृश्यों तक यह पिंजरा बड़ा ही क्रूर और आतंकमय लगता था लेकिन तीसरे दृश्य से वह पिंजरा धीरे-धीरे पारदर्शी और कोमल होने लगा था और अन्त में जहां से मोमबत्तियां जलनी शुरू होती हैं वहां से पिंजरा सर्वथा अदृश्य हो जाता है।

और सारे चरित्र जैसे स्वतन्त्र होकर पहली बार अपने अस्तित्व को प्राप्त कर लेते हैं। यह रिजरा उसी करफ्यू का प्रतीक था।

टी०पी० जैन ने अभिनय से लेकर निर्देशन और व्याख्या तक बहुत सारे अदृश्य तत्वों को मंच पर प्रत्यक्ष किया था, जिसके लिए मैं उन्हें सदा बधाई दूंगा। और भविष्य में उन सारे अभिनेताओं और निर्देशकों के प्रति कृतज्ञ रहूंगा जो अपने निजी स्तर से इसकी स्वतन्त्र और मौलिक व्याख्याएं करेंगे।

इस नाटक के बारे में मैंने जो कुछ लिखा है वह केवल मेरी निजी डायरी के कुछ 'नोट्स' हैं जिन्हें मैंने अपने लिए लिख छोड़ा था लेकिन आज जब यह नाटक आप सबके हाथों सौंप रहा हूं तो मुझे लगा, मेरे अपने निजी नोट्स अब जैसे मेरे लिए नहीं हैं।

मनीषा का चरित्र इस नाटक की वह रक्त-रेखा है, जिसने मुझे बहुत ही आतंकित किया है। इसने इस नाटक के बारे में जितने मानवीय-अमानवीय अनुभव किए हैं और यह जिस जीवन-अनुभव की प्रक्रिया से गुजरी है वह मेरे लिए बड़ा ही सार्थक बिन्दु रहा है। जैसे मनीषा ने ही मुझे यह अनुभव दिया कि हमारा सारा शहर हमारे करफ्यू लगे हुए घरों का जड़ विस्तार है। गौतम-मनीष, संजय-गौतम और परस्पर सभी अपने अनुभव से निकलकर जितने महत्त्वपूर्ण और सामर्थ्यवान होते हैं, वही इस नाटक की वास्तविकता है। और यही मेरा अस्तित्व है।

टी॰ पी॰ जैन को

'करफ्यू' का पहला प्रस्तुतीकरण
'अभियान' द्वारा आइफेक्स के मंच पर
नयी दिल्ली में
१२ नवम्बर १९७१ को हुआ।

भूमिका में

मनीषा : कविता नागपाल
गौतम : अशोक सरीन
संजय : श्याम अरोड़ा
कविता : सुधा चोपड़ा

निर्देशन

श्री टी०पी० जैन

मंच और प्रकाश
यम० मुकर्जी

पहला दृश्य

बाहर से तेजी से मनीषा आती है, मानो कोई उसका पीछा कर रहा हो। कमरे में आकर एक क्षण को ठिठकती है। फिर कमरे-भर में नजर दौड़ाती है। ट्रे में से एक फल उठाकर दांत से काट-काटकर खाने लगती है। एक मैगज़ीन उठाकर देखती है और आराम से सोफे पर बैठ जाती है। कुछ क्षणों बाद टेलीफोन की घंटी बजती है। भीतर से गौतम आकर···

गौतम : हैलो।···गौतम। हां, फैक्ट्री बन्द कर दीजिए। और क्या ?···हूं···बिल्कुल किसे मालूम था, आज फिर अचानक इस तरह···हां, हां, कोई बात हो तो मुझे फोन कीजिए।

मनीषा : (उसकी ओर देखती रहती है। गौतम अन्दर जाने को मुड़ता है, तभी उसकी नजर मनीषा पर पड़ती है।)

गौतम : आप···

मनीषा : (फल खाती रहती है।)

गौतम : (क्या करे)

गौतम : आप···(कुछ बोलना चाहता है।)

मनीषा मैगज़ीन देखती हुई

मनीषा : हैलो···

गौतम : (घूरता रहता है।)
मनीषा : पहचाना नहीं ? एक बार मुलाकात हुई थी आपसे, करी
दो साल पहले।
गौतम : जी ?
मनीषा : विज्ञापन के लिए। गूंगे-बहरों के लिए वह 'चैरि
शो।'
गौतम : (याद करने की कोशिश करता हुआ) दो स
पहले…
मनीषा : आपने बड़े गुस्से में…
गौतम : याद नहीं पड़ता।
मनीषा : कोई बात नहीं। फल बड़ा मीठा है।
गौतम : आप…
मनीषा : जी आप…
गौतम : आज कैसे ?
मनीषा : आप ये तस्वीरें देखते हैं ? (उठकर दिखाती है।)
तस्वीरें।
गौतम : तशरीफ रखिए।
मनीषा : क्या ?
गौतम : तशरीफ।
गौतम : बैठिए।
मनीषा : बैठ जाऊं या…

हंसती है।

विराम ⌣

मनीषा : लगता है, अभी दफ्तर से आए हैं !
गौतम : (चुप है।)

मनीषा : कम बोलते हैं!
गौतम : (चुप)
मनीषा : टाई उतार दीजिए ना।

बढ़कर गले से टाई खींच लेती है।

मनीषा : कहाँ थी है? हैरानी लगती है।
गौतम : आह...। अजीब...
मनीषा : बैठिए। ना, ना, तशरीफ़ रखिए।

गौतम गम्भीरता से अन्दर चला जाता है।

मनीषा : सुनिए, थोड़ा-सा पानी।

आँखों को टुकुर-टुकुर कर देखती आ रही है।

मनीषा : अन्दर आ जाऊँ पानी पीने?
गौतम : (लेकर आता है और मेज़ पर रख दिया है) पीजिए।
मनीषा : (पीती है।) चाहिएगा ?...जूठा है।
गौतम : (चुप है।)
मनीषा : ये 'कट ग्लास'? बड़े ठाट साहब हैं।
गौतम : आपको काम करनी ...जानी?
मनीषा : आपको जल्दी है?

विराम

गौतम : घर जा रही थी न?
मनीषा : घर?
गौतम : फोन कर दीजिए।
मनीषा : 'होम, स्वीट होम'।
गौतम : बता दीजिए आप कहाँ!
मनीषा : आप अन्दर क्या कर रहे थे ...अन्याय? अकेले का

नींदों के सपने।

कौशल — नींदें?

कबीरा — [illegible] ...[illegible] है न?

कौशल — फिर पूछ...

कबीरा — नहीं है?

कौशल — कोई बहुत नहीं था...

कबीरा — यह देखिए कागज के टुकड़े।

कौशल — आप कागज की करती हैं?

कबीरा — फूल को करने के लिए।

कौशल — और क्या-क्या करती हैं?

कबीरा — नाचती। (नाचती है)

विराम

कबीरा — आप क्या-क्या करते हैं?

कौशल — मैं [illegible]...

कबीरा — तुम्हारे हैं...

कौशल — कहाँ...?

कबीरा — उनके प्रणाम? [illegible]...जीजिए [illegible] [illegible] जीजिए।

विराम

मनीषा : क्या खिलाएंगे ?
गौतम : जो'''
मनीषा : कुछ भी'''
गौतम : (मुस्कराता है।)
मनीषा : आपके मुस्कराने में भी कायदा-कानून ?
गौतम : जरूरी है।
मनीषा : किसलिए ? जिस चीज के लिए वह जरूरी है, वह क्या है ? (सहसा) ओहो, कमीज का यह बटन खोल लीजिए ना।

कालर का बटन खोल देती है।

गौतम : आप कहां रहती हैं ?
मनीषा : आपकी 'पत्नी' कहां है ?
गौतम : अन्दर'''भीतर'''
मनीषा : पर्दे में रहती हैं ?
गौतम : नहीं, वो तबीयत ठीक नहीं।
मनीषा : इस घर में किसकी तबीयत ठीक रह सकती है !
गौतम : क्यों ? मुझे देखिए !
मनीषा : देख रही हूं।'''टैक्सटाइल' की स्टाम्प लगा थुलाहा।

विराम

गौतम : आपका शुभ नाम ?
मनीषा : शुभ नाम'''

मनीषा हंसती है।

गौतम : इसमें हंसने की क्या बात ?
मनीषा : शुभ नाम'''। नाम में शुभ क्या होता है ?
गौतम : परिचय का तरीका है।

मनीषा : परिचय? नामों का परिचय?

गौतम : पहला परिचय नाम से ही होता है।

मनीषा : किसने कहा?

गौतम : माना जाता है।

मनीषा : माना नहीं, लादा जाता है। जैसे पत्नी कहने से बहुत कुछ ऐसा लाद दिया जाता है…

अभिनय करती है।

गौतम : बन्द कीजिए अपनी…

मनीषा : बन्द तो है ही।…सब कुछ, परिचय, मिलन, प्रेम,…

गौतम अन्दर जाता है। इस बीच वह टेप रिकार्ड चला देती है।

मनीषा : यह बजता है।

आवाज बढ़ा देती है

गौतम : (अन्दर से प्लेट में कुछ लेकर आता है। हड़बड़ाहट से) क्या करती हैं आप?

मनीषा : क्यों?

गौतम : वह जाग जाएगी तो—उनकी तबीयत ठीक नहीं और फिर संगीत (आवाज घटाता हुआ) इस वाल्यूम पर अच्छा लगता है।

मनीषा : कहाँ लिखा है?

गौतम : खाइए…मतलब मुंह बन्द कीजिए।

मनीषा : आपके नौकर-चाकर…आया, महाराज, ड्राइवर वगैरह?

गौतम : कुछ छुट्टी पर हैं, और कुछ…

मनीषा : और इनकी तबीयत खराब है। इसलिए आप स्वयं…

गौतम : इस तरफ नहीं, इधर मक्खन लगाया जाता है।
मनीषा : और इधर लगाने से क्या हो जाता है?
गौतम : कायदा है...

विराम

मनीषा : आप भी लीजिए।
गौतम : इस समय कुछ नहीं खाता।
मनीषा : आज खाकर देखिए।
गौतम : नहीं, थैंक्यू।

मनीषा जबरन गौतम के मुंह में टोस्ट लगा देती है।

मनीषा : घूरिए नहीं। चभर-चभर खाइए। कुछ आवाज तो हो।
गौतम : टेलीफोन कर लीजिए।
मनीषा : कहां?...
गौतम : अपने घर।
मनीषा : घर माने?
गौतम : घर।
मनीषा : घ से घर।
गौतम : कहां रहती हैं?
मनीषा : उनको पता है—मैं यहां हूं?
गौतम : सो रहे हैं।
मनीषा : वह आप पर शक करती हैं?
गौतम : माने?
मनीषा : आप उनपर शक करते हैं?
गौतम : यह एक शरीफ आदमी का घर है।

मनीषा लुंगी दूसरे ढंग से बांधती है।

मनीषा : मेरी टांग कैसी है? कहिए न! कहिए लाजवाब! संग-मरमर की प्रतिमा'''खजुराहो की नर्तकी!

विराम

मनीषा : क्या देख रहे हैं?'''क्या सोच रहे हैं? यह लौंडिया कितनी चालू है, साली को'''

गौतम : आप मुझे नहीं जानती?

मनीषा : आप तो मुझे जान गए हैं? क्या इम्प्रेशन है मेरे बारे में?

गौतम : आप'''

मनीषा : सुन्दर है, विचित्र है, औरों की तरह नहीं है। सब यहीं से शुरू करते हैं, फिर तरह-तरह की बातें बनाते हैं। कोई राजनीति की, कोई आर्ट की, कोई औरतों की आज़ादी की। साले बदमाश, अपने-अपने बुने हुए जाल फेंकते हैं सब'''

गौतम : लेकिन आप बच निकलती हैं।

मनीषा : हां, अक्सर।

गौतम : गलतफ़हमी है।

मनीषा : आपको है मेरे बारे में—दूसरों की तरह, सब मुझे पहले से ही जानते हैं।

कहती हुई तलवार उठा लेती है।

गौतम : यह मुझे स्पेन में मिली थी।

मनीषा : इसमें तो जैसे जंग लग गई है। आपके लिए हर चीज़ क्या केवल सजावट है—बीवी से लेकर तलवार तक?

नंगी तलवार की धार पर जैसे सितार

'अभियान' द्वारा प्रस्तुत
'करफ्यू' के कुछ दृश्य

मंच का दृश्य

गौतम : कायर, बुजदिल !
मनीषा : सारे कानून-कायदे को तोड़ दो !'

संजय मेरे साथ नाटक
कविता नहीं नहीं ' नहीं

हेमेन्द्र भाटिया (गौतम) और श्यामली मित्तर (मनीषा)

'दर्पण' द्वारा प्रस्तुत : दो दृश्य

बायें से दायें—श्यामली मित्तर (मनीषा) कमल दत्ता (कविता,
हेमेन्द्र भाटिया (गौतम) तथा राकेश वर्मा (संजय)

कुछ है जिसका अभाव लगता है हर समय।

मनीषा : क्या है वह ?

गौतम : क्या ? यही तो नहीं मालूम, हां, मगर सोचना अच्छा लगता है।

मनीषा : मुझे घूमना अच्छा लगता है।

गौतम : डर नहीं लगता ?

मनीषा : डर, क्यों ?

गौतम : इस तरह अकेले ?

मनीषा : मुझे विश्वास है।

गौतम : दुनिया पर ?

मनीषा : अपने पर।

गौतम : (चुप)

विराम

मनीषा : आपकी 'वो' क्या करती है ?

गौतम : घर में रहती है।

मनीषा : कहां तक पढ़ी है ?

गौतम : एम० ए०, इतिहास।

मनीषा : और सारा दिन घर में रहती है ?…तभी तो बीमार हैं।

गौतम : कुछ पीजिएगा ?

मनीषा : पीते हैं…उई…उई…उई…

गौतम : डाक्टर ने कहा है, कभी-कभार शाम को थोड़ा…

मनीषा : डाक्टर ने कहा है (हंसती है।) खुद नहीं…

गौतम अंदर जाता है।

मनीषा : क्यों इतना डरता है आदमी … से ? क्यों हर समय उसे … [illegible] है अपने

को हासिल के लिए आ मिले, जिनसे मैं मजबूर महसूस है ? क्यों नहीं वो अपना 'इन्हिबिशन' छोड़कर बाहर आ जाता है ? आख़िर क्या हमारी लड़कियाँ मानसिक स्वतन्त्र नहीं ?

इसी बीच बीयर ले गौतम ड्रिंक लिए आता है। मनीषा विचारमग्न होने के कारण उसे देख नहीं पाती।

गौतम : आइए।

मनीषा : ना, थैंक्स नाट मी।

गौतम : 'व्हाई, यू डोंट टेक ?'

मनीषा : लेती हूँ लेकिन आपके साथ पीने का मतलब है, आपकी नज़रों से गिर जाना।

गौतम : 'आई एम ए माडर्न मैन।'

मनीषा : (ठहाका मारती है।)

गौतम : धीरे हँसिए...

मनीषा : हँसी से भी डर ?

गौतम : आदत नहीं। पसंद भी नहीं।

मनीषा : आपकी...वो बिल्कुल नहीं हँसती होंगी

गौतम : आप उन्हें नहीं जानतीं, मैं जानता हूँ।

मनीषा : कितना ?

गौतम : कितना ?

मनीषा : नो, थैंक्स।

गौतम : प्लीज़।

मनीषा : 'वो' पीती हैं ?

गौतम : नहीं...यह लीजिए।

मनीषा : मुझे किसी डाक्टर ने नहीं कहा।

हंसती है।

गौतम : सिर्फ साथ देने के लिए।

मनीषा : आप तो अकेले पीते हैं।

गौतम : लेकिन आज नहीं...अच्छा चियर्स।

मनीषा : चियर्स।

गौतम : सोचने से मुझे हाइपरटेंशन हो जाता है, तभी डाक्टर ने...

मनीषा : आपको संगीत में...?

गौतम : हां, दिलचस्पी है...कभी गाता भी था।

मनीषा : रियली...?

गौतम : (आवेग में) मैं हर वक्त झूठ बोलता हूं क्या?

मनीषा : हंसती है।

गौतम : आप इतना हंसती क्यों हैं?

मनीषा : अच्छा, एक गाना सुना दीजिए।

विराम

मनीषा : सुनाइए न गाना।

गौतम : अब नहीं गाता।

मनीषा : क्यों?

गौतम : आदत नहीं रही।

विराम

मनीषा : वाह! क्या खूब!" आप किस तरह गाते-गाते उठ गए। किस तरह टहल-टहलकर...गाते समय आपका चेहरा बिल्कुल बदल गया था। लगा, आपके भीतर से...वही...एक बिल्कुल दूसरा...

[illegible] है केवल जिन्दगी के सब कुछ नहीं रहा। [illegible]
[illegible] के बदले [illegible] भी [illegible] है [illegible]
भी नहीं [illegible]।
मुझे [illegible] कीजिए।
सुनिए।
कहो ...
: इसके कुछ नहीं होता। [illegible]
के [illegible] हम कुछ [illegible]। [illegible]
[illegible] नहीं [illegible] है। ([illegible]
[illegible] हुआ) [illegible]
[illegible] के [illegible] कुछ...
[illegible]...।

कौन की बात

देखो...हाँ, [illegible]...[illegible] है हो है। [illegible]
[illegible] है...[illegible]...है...को हाँ...है...है...

चल देता है।

: [illegible] के काफी [illegible] हुई है—[illegible] है...लेकिन
देखना पड़ती है।
देखना बन्द होने से समझ तो सकता ही है।
आपकी उपस्थिति कितनी प्यारी है!
: तो आप यहीं से शुरू करते हैं?
: (चुप)
झिलमिल सब मैं बात [illegible]...(नकल करती है) अ
अ...आ...आ आ आ...अ आ...आ आ...आ आ ·
आ आ आ...दिन...ती...ग...ग...गुलाम...है।

गौतम : (चुपचाप पी रहा है।)

मनीषा : अरे…आप इस तरह क्यों पीते हैं? इत्मीनान से पीजिये।

गौतम : मैं सोचता हूं…

मनीषा : आप इतना डरते क्यों हैं?

गौतम : निडर होने के लिए।

मनीषा : हो जाइए ना।

गौतम : कैसे?

मनीषा : आपको कभी अपने-आप पे गुस्सा नहीं आता?

गौतम : (चुप)

मनीषा : नफरत नहीं होती?

गौतम : (पीता है।)

मनीषा : कि आप आदमी नहीं चूहे हैं।

गौतम : (सहसा) शहर में जो कुछ हो रहा है वह क्यों? एक दबी हुई बात, जो सहसा फूट पड़ी है किसी एक बहाने से।

मनीषा : हर कायर आदमी को एक सहारा चाहिए। बहाना चाहिए, इसके पहले कि वो चूहे से शेर बन सके।

गौतम : यही सब, वह लोग कर रहे हैं जो निर्दोष बूढ़ों, बच्चों और औरतों को तंग कर रहे हैं, बसों का निशाना बना रहे हैं, क्रान्ति का बहाना लेकर दंगे-फसाद करते हैं। शान्ति भंग करते हैं, नियम तोड़ते हैं, जीवन की गति-लय को…

मनीषा : रहने…नहीं देते। उस गति, उस लय को, जिसकी हमें आदत हो गई है, विलम्बित लय…

पीती है।

गौतम गिलास खाली करता है।

मनीषा : कम से कम आपके पीने की लय तो द्रुत है।

गौतम : (अपने गिलास में डालते हुए) आप बहुत स्लो हैं।

मनीषा : वैसे जो फास्ट हूं।

विराम

गौतम : आपको लुंगी बहुत अच्छी लगती है।

मनीषा : (हंसती है) आप सीधे क्यों नहीं कहते? मेरी उंगली, मेरी लुंगी, मेरा पैर'''। कहीं कुछ तो कबूल कीजिए।

गौतम : (चुप है।)

मनीषा : हिम्मत नहीं। मुझमें भी न थी—बिल्कुल नहीं। तब मेरे पापा 'वाइस चान्सलर' थे। मैं यही सोलह साल की थी सीनियर केम्ब्रिज में'''। उस लड़के का नाम कमल था। वह न खेलता, न बात करता, बस एकटक मुझे निहारता रहता। एक दिन जब हम पिकनिक पर गए हुए थे तो अकेला पाकर उसने मुझे 'किस' कर लिया। मुझे बुरा नहीं लगा था फिर भी मैंने उसे डांट दिया। प्रिंसिपल से रिपोर्ट करने की धमकी दी। वह डर गया, गिड़गिड़ाने लगा, लेकिन मैं थी कि यह सब मुझे अच्छा लग रहा था। घर लौटकर उसे तेज बुखार चढ़ आया। बेहोशी में वह मेरा नाम पुकारता, बाद में उसे सेनीटोरियम ले जाया गया'''

सन्नाटा

मनीषा : फिर न जाने वह कहां चला गया।

गौतम : थोड़ी और'''

मनीषा : (गिलास लेकर) फिर एक और।…टेनिस प्लेयर… कालेज में। उसके साथ मुझे ऐसा लगता—जैसे मेरी ममी, जो मुझे जन्म देकर ही…वह मुझे मिल गई। सच, उसीसे मैंने, मां की कल्पना की थी। अधिकार… विश्वास…सुरक्षा। वह बहुत सावधानी से कार चलाता। उसीने मुझे कार ड्राइविंग सिखाई। मैं कार चलाती। वह मेरे अंक में सिर रख कर…। उसीने कहा था—शक्ति आत्मा की, सुन्दरता भावों की, साहस चरित्र का। धैर्य के सहने का।

सन्नाटा

मनीषा : मैं साथ में ही थी जब वह कार एक्सीडेंट हुआ।

एक सांस में पी जाती है।

गौतम : (चुपचाप पी रहा है।)

मनीषा : …फिर…एक रिसर्च स्कालर आया। उसने बिल्कुल नई दिशा दी मेरे विचारों को, एक सम्पूर्ण जीवन-दृष्टि। मुझे लगने लगा जैसे आज तक जिस तरह का जीवन हमने जिया है वह अर्थहीन था। हम खोखले सिद्धान्तों और गले-सड़े आदर्शों की बैसाखियों …रे चलते… पंगु हो चुके हैं। हमारा समाज, … आत्म-सुरक्षा की दीमक …हम गुलाम हो चुके हैं और …के लिए परिवर्तन आवश्यक … वह गिरफ्तार कर लिया गया … में। कुछ दिनों बाद सुना, वह … निशाना बन गया, क्योंकि उस…

जेल से भागने की कोशिश की थी। तब से मैं बराबर घूमती रही हूं। यहां से वहां, वहां से वहां। बिना कहीं रुके, बिना टिके। कितने लोग एक के बाद एक-एक जीवन में आए, याद नहीं। कोशिश भी नहीं की याद रखने की। एक अपरिचित, फिर दूसरा अपरिचित। एक जाना-पहचाना चेहरा जब उकता देता है तो अन-जाना चेहरा पहचाना लगने लगता है। 'नाऊ आई लाइक ओनली स्ट्रेंजर्स। (रुक जाती है। पीती है।) 'एण्ड यू आर ए स्ट्रेंजर एट।'

गौतम : मुझे अपना दोस्त मान लीजिए।

गौतम के हाथ में अपना हाथ दे देती है।

मनीषा : मुझे लगता है, यही ढूंढती रही हूं।

गौतम : मुझपर विश्वास रखो।

मनीषा : (चुप है।)

गौतम : कहो, विश्वास है'''इस दोस्ती के लिए'''सिर्फ।

मनीषा : यह जो मेरा बाहरी रूप है न'''। मतलब'''यह जो है'''

गौतम : हां'''

मनीषा : (चुप)

विराम

गौतम : मेरी जिन्दगी बिल्कुल सपाट है—कभी कुछ नहीं हुआ। इस कदर आराम और सुरक्षा में जिन्दगी'''हां, 'सरकारी' में भी, फिर भी आज तक का कोई कुछ नहीं। जैसे खुद अपने-आपसे अपरिचित हूं।

मनीषा : सच बताइए, आपने मुझे जब पहली बार देखा, मेरे

बारे में क्या सोचा ?

गौतम : मेरी आदत है, नेचर भी कह सकती हैं—देखते ही मैं आइडियार बना लेता हूं और उसे बदलता नहीं, जरूरत नहीं महसूस होती।

विराम

मनीषा : मैं यहां कुछ दिन…?

गौतम : शौक से।

मनीषा : आपकी वाइफ…?

गौतम : वह मेरे…खिलाफ नहीं जाती। बड़ी समझदार हैं। और नेक।

मनीषा : यह जान लेने पर भी, कि हम दोनों…?

गौतम : यह जानने की क्या जरूरत ?

मनीषा : जरूरी है।

गौतम : मैं समझता हूं—बिना किसीके जाने…

मनीषा : 'यू विल आलवेज बी ए बिजनेसमैन।'

गौतम की हंसी। मनीषा बढ़कर संगीत चला देती है।

मनीषा : गाना गाओ…ओ मैन।

गौतम : 'वो' जग जाएगी।

संगीत बन्द

मनीषा : अब उन्हें जगना चाहिए। उनसे फौरन मिलना चाहती हूं…मैं जगाती हूं।

गौतम : नहीं…प्लीज।

मनीषा : पर क्यों ?

गौतम : मैं जो चाहता हूं।

मनीषा : मुझे थामें रहो। छोड़ना नहीं। इसी तरह सो जाना चाहती हूं'''रेस्ट'''रेस्ट।

गौतम के हाथ में बिलकुल झूलकर आराम करने लगी है।

गौतम : मनीषा'''

धीरे-धीरे उसपर झुकता है।

मनीषा : (सहसा सावधान हो खड़ी हो जाती है।) तुम्हारी शादी की साल गिरह'''आओ'''ना'''नाचना नहीं आता ?

हंसती है।

मनीषा : (नाचने लगती है।) म्यूज़िक चलाओ।

गौतम : सितार पर बालरूम डांस।

मनीषा : यहीं पर कुछ भी।'''आओ, बढ़ो, मेरा हाथ पकड़ो। कदम बढ़ाओ। (पकड़ लेती है) इस तरह'''मजबूती से थामो न। हां'''अब पैर बढ़ाओ'''ऐसे'''ऐसे''' ऐसे'''शाबाश'''

गौतम : थोड़ी और ले लूं

ढालता है।

मनीषा : बस्स'''बस्स'''क्या कर रहे हो ?

बोतल छीन लेती है।

गौतम : थोड़ी-सी और।

मनीषा : लो'''और ?'''

गौतम : बस।

मनीषा : चलो अब।

संगीत चला देती है। गौतम चुपचाप।

मनीषा अकेले नाच रही है—मंत्रमुग्ध।
न जाने किस लोक में खोई हुई। सहसा
गौतम बढ़कर मनीषा को पकड़ लेता है।

मनीषा : क्या देख रहे हो?

गौतम : कितनी सुन्दर!

मनीषा : क्या?

गौतम : (पकड़े हुए) तुम।

मनीषा : ओहो। हाथ टूट जाएगा।

गौतम : चाहता हूं, यह टूट जाए। पर…

मनीषा : मेरा हाथ?

गौतम : मेरे भीतर…

मनीषा : चलो मेरी आंख मूंद लो।

गौतम कुर्सी के पीछे से उसकी आंखें
दोनों हाथ से मूंद लेता है।

मनीषा : इस अंधेरे में देख रही हूं…वही कमल…वही टेनिस का खिलाड़ी…वही रिसर्च स्कालर…और न जाने कितने चेहरे।

गौतम उसके सिर को चूमता है।

मनीषा : डरते हो?

गौतम हाथ चूमता है।
विराम

मनीषा : मुझे चाहते हो?

गौतम : (चुपचाप हाथ चूमता जा रहा है।)

मनीषा : मुझे प्यार करो।

गौतम : अब तक कितने लोगों से?

मनीषा : सबसे।
गौतम : मतलब…?
मनीषा : शरीर सब…?
गौतम : हां।
मनीषा : अगर कहूं किसी से नहीं। विश्वास नहीं होता?
गौतम : (सिर हिलाता है।)

विराम

मनीषा : अगर हमेशा तुम्हारे पास रहूं?
गौतम : रह पाओगी?
मनीषा : शादीशुदा क्या दूसरी स्त्री से प्यार नहीं कर सकता!
गौतम : पत्नी से छिपकर।
मनीषा : उसकी जानकारी में क्यों नहीं?
गौतम : ऐसा नहीं होता।
मनीषा : अपराध है!
गौतम : पता नहीं।

गौतम बढ़कर उसको पकड़ लेता है।

मनीषा : (छुड़ाकर) ऐसे क्यों करते हो!
गौतम : आदत।
मनीषा : तोड़ दो।

विराम

मनीषा तेजी से टेपरिकार्डर चला देती है। ऊंचा संगीत।

मनीषा : ओ हो…हो हो…हो हो।
ओ हो…हो हो…हो हो।

कई क्षणों तक चलता है।

गौतम : (घबराकर) 'वह' जग जाएगी ।

संगीत बंद

मनीषा : जग जाए ।

गौतम : तुम्हें पता नहीं ?

मनीषा : चाहती हूं तुम जग जाओ ।

गौतम : तुम कुछ नहीं जानती ।

गौतम हिचकी लेने लगता है । मनीषा बढ़कर एक कैंडिल निकालती है । जलाती है । गौतम बढ़कर उसे फूंक मारकर बुझा देता है ।

मनीषा : तुम्हारी आज साल-गिरह है ।

फिर जलाती है । वह फिर बुझा देता है ।

मनीषा : क्या करते हो ?

गौतम उसे पकड़ना चाहता है । उसका चेहरा देखकर मनीषा दूर हटने लगती है ।

गौतम : डरती हो ?

सन्नाटा

मनीषा : 'गुड नाइट ।'

गौतम : जा रही हो ?

मनीषा : हां ।

गौतम : कहां ?

मनीषा : पता नहीं ।

गौतम : क्यों ?

मनीषा : अब तुम अपरिचित नहीं रहे ।

गौतम : जाओगी कैसे ?

मनीषा : क्यों ?

गौतम : दरवाज़ा बंद है।

मनीषा : खोल लूंगी।

गौतम : अब इतना आसान नहीं।

उसे कसकर पकड़ लेता है।

विराम

मनीषा : जानवर !

संघर्ष

मनीषा : मत पकड़ो इस तरह।

छुड़ाकर अलग खड़ी होती है।

गौतम : क्यों ?

मनीषा : क्यों ?…कायर।

मनीषा दरवाज़े की ओर बढ़ती है।

मनीषा : (भीतर का दरवाज़ा पीटती हुई) जागिए…जागिए …बाहर निकलिए…

गौतम : वह नहीं हैं।

मनीषा : क्या ?

गौतम : हां, यहां कोई नहीं। केवल मैं और तुम…तुम और मैं…

बढ़ता है।

मनीषा : तुम्हारे भीतर…?

गौतम : डरती हो ?

मनीषा नहीं…नहीं…नहीं।

बाहर भागना चाहती है। गौतम पीछे से पकड़ लेता है। संघर्ष।

मनीषा : कायर…बुज़दिल।

गौतम : सारे कानून-कायदे तोड़ दो।

मनीषा : झूठे।

गौतम : कहीं पर कुछ भी…

मनीषा : (अवाक्)

गौतम : मुझे…तूने…

मनीषा : क्या ?

गौतम : इस तरह कमरे में आना…मेरी टाई खींचना, बटन खोलना, खेल-तमाशे, सारी हरकतें…'आई लव स्ट्रेन्जर्स।'

मनीषा : (चुप है)

गौतम : मेरा कोई कसूर नहीं। तुम यहां पनाह लेने आईं… फिर एक शरीफ लड़की की तरह…कायदे से।

मनीषा : (मूर्तिवत् निहार रही है।)

गौतम : जानबूझकर मुझे…

मनीषा : मुझे ?

गौतम : मेरा कोई कसूर नहीं।

मनीषा : (तलवार उठा लेती है। गौतम डर जाता है।) अब आगे मत आना, मैं अपने को बचा सकती हूं। विश्वास हुआ ?

तलवार फेंककर निकल जाती है।

गौतम : कहां जाओगी ?

गौतम मूर्तिवत् खड़ा है।

गौतम : यह क्या किया मैंने।…यह क्या हुआ ?

सोफे पर गिरता है। ड्रिंक लेने लगता है। सोफे पर धीरे-धीरे लेट जाता है।

दूसरा दृश्य

संजय का कमरा। संजय कुछ पढ़ रहा है।

: कौन ?···मैं। तुम आ गईं। मैं डरता था, भय था मुझे, कहीं तुम आ न सको ? कैसी बात करते हो ?··· पर यह क्या ? तुम्हारी आंखों में आंसू ? लड़की बहुत देर चुप रह जाती है—युवक कुछ नहीं समझ पा रहा है। लड़की आएगी तो कहां खड़ी होगी ?···युवक यहां बैठा इन्तजार कर रहा होगा। उसे सिगरेट पिलाना ठीक होगा ? नहीं, उसमें धैर्य है, और विश्वास भी। वह लड़की को अन्तर की गहराई से प्यार करता है। लड़की भी उसी तरह प्यार करती है। लड़की ने ही तो उससे कहा है—वह उसे लेकर यहां से चला जाए। और शादी करके लौटे।···ठीक। लड़की यहां आकर खड़ी होगी।·· पर वह आएगी कैसे ? उसका प्रवेश किस तरह का होगा ?

बाहर से सहसा कविता का प्रवेश। उसे देखे बिना संजय पूरी स्थिति पर विचार करता है, और फिर अपना तथा लड़की का संवाद दुहराता है।

: कौन ?

ा : जी मैं।

: (हड़बड़ा कर उठता है) आप ?

ा : जी क्षमा कीजिए, संजय जी, अचानक कदम पड़ गए जाने

के कारण घर वापस न लौट सकी।

संजय : आप मुझे जानती हैं ?

कविता : आप मुझसे परिचित नहीं, लेकिन मैं आपको जानती हूं।

संजय : कैसे ?

कविता : आपको कई बार मंच पर देखा है—अलग-अलग रूपों में—असली रूप में पहली बार देख पा रही हूं।

संजय : आइए, बैठिए, खड़ी क्यों हैं ?

कविता : क्या संयोग है ! इस करफ्यू के कारण आपसे भेंट हो गई। चाहा कितनी बार था कि आपसे मिलूं, आपकी प्रशंसा करूं लेकिन हो आज पाया है। और वह भी अकस्मात्। नीचे आपकी नेमप्लेट देखी तो, किसी अजनबी के घर बिना पूछे घुसने का संकोच त्याग, चली आई। आशा है, आप बुरा नहीं मानेंगे।

संजय : नहीं, नहीं, बुरा मानने की बात नहीं है। जितनी देर आप चाहें रुकें। हां, एक बात बता दूं—मैं यहां अकेला हूं, यानी कोई स्त्री नहीं है घर में।

कविता : कैसी बात करते हैं आप ! आपपर अविश्वास तो मैं स्वप्न में भी नहीं कर सकती, अपने पर शायद उतना न हो, आपपर है। आपके नाटक देख-देखकर एक आदर-भाव पैदा हो गया है मन में—आप-सा कलाकार—अभिनेता मैंने किसीको नहीं पाया।

संजय : छोड़िए यह तारीफ। लगता है थियेटर की शौकीन हैं आप।

कविता : केवल देखने भर की। स्कूल से कालेज तक करने का

भी शौक रहा—अक्सर ड्रामों में, लेकिन अब केवल देखना-भर ही बच रहा है।

संजय : आराम से बैठिए, मैं तब तक काफी लाता हूं।

कविता : पहले एक फोन करना चाहूंगी—अपने पति को बता दूं, मैं कहां हूं, वरना वह मेरे लिए परेशान होंगे।

संजय : आप फोन कीजिए—मैं काफी लाता हूं।

जाता है।

कविता टेलीफोन करती है। शायद नम्बर नहीं मिलता—दूसरा नम्बर मिलाती है।

कविता : हेलो, मैं मिसेज गौतम बोल रही हूं। घर से नहीं, कहीं और से—एक मित्र के यहां से—ज़रा घर गौतम साहब को फोन कीजिए और बता दीजिए कि मैं 'सेफ' हूं। फिक्र न करें—मुझे नम्बर नहीं मिल पा रहा। हां, थोड़ी देर बाद फिर करके पूछ लूंगी।

रख देती है।

संजय काफी की ट्रे लेकर आता है।

संजय : मिल गया फोन ?

कविता : जी, घर का फोन 'एन्गेज्ड' आ रहा है, शायद खराब है, फैक्ट्री कर दिया है।

संजय : (काफी बनाकर देता हुआ) चीनी कितनी ?

कविता : आपने बेकार परेशानी उठाई। मैं तो इस समय काफी नहीं पीती।

संजय : परेशानी कैसी ? आपकी बदौलत मुझे भी नसीब हो गई।

कविता : बहुत दिनों से नहीं पी। अब तो यह भी याद नहीं,

आखिरी बार शाम को बाकी सब पी ली—सो आदत नहीं रही।

संजय : आप पीकर देखिए तो! चीनी?

कविता : अच्छा, तो फिर मैं बनाती हूं।

संजय : मेरे हाथ की बनी पीकर देखिए। लीजिए।

कविता : वैसे यह काम औरतों का है।

संजय : लगता है, आप हर चीज़ निश्चित करके चलती हैं।

कविता : निश्चित किए बिना चलता जो नहीं। आप भी तो नाटक में हर बात निश्चित करके चलते हैं।

संजय : पीजिए, ठंडी हो रही है।

कविता : ज़िन्दगी भी तो नाटक है। (सहसा) ऐसा क्यों नहीं नाटक होता, ठीक जैसे हमारी ज़िन्दगी है। जहां कोई चीज़ पहले से निश्चित नहीं है। मतलब, हमने तो निश्चित कर रखा है, मगर सहसा, अचानक कुछ ऐसा हो जाता है कि विश्वास नहीं किया जा सकता···जैसे कि आज मेरा यहां आ जाना।

संजय : पीजिए···

कविता : हाय, कितनी उम्दा। क्या डाल दी आपने? एक चम्मच से ज्यादा कभी नहीं पी थी···विश्वास कीजिए। और आज आपने पूरे ढाई चम्मच।

संजय : बहुत मीठी हो गई!

कविता : उम्दा। वाह···।

संजय : शुक्रिया

कविता : लगता है, आप हरदम अभिनय करते हैं।···आपके बोलने-चालने में एक···एक···मतलब···एक कला

होती है।

संजय : आप 'बनावट' कहना चाह रही थीं।

कविता हंसती है।

कविता : जी, बिलकुल।

संजय : तो कहिए ना, कहिए।

कविता : लगता है, आप हर वक्त दूसरों को प्रभावित करना चाहते हैं।

संजय : पहली बार, ऐसा किसीने कहा है।

कविता : क्षमा करें। इस तरह बोलने की मेरी आदत नहीं। लेकिन आज'''

संजय : थोड़ी सर्म और लीजिए।

कविता : ना-ना, ना-ना, मैं सिर्फ एक बस।

संजय : अपने चारों ओर जैसे ब्रेक लगा रखी है।

दोनों पी रहे हैं। टेलीफोन की घंटी बजती है।

संजय : हेलो सत्रय हियर। हेलो दीपक, हां भई, नहीं भई, मैं नहीं आ सकूंगा पार्टी में। नाटक की तारीख नजदीक आ रही है न।'''नहीं भई, मेरे पास समय नहीं है''' सॉरी, फिर कभी सही'''थैंक यू।

रख देता है।

कविता : लोग आपको पार्टियों पर बुलाते हैं—आप जाते क्यों नहीं?

संजय : वक्त कहां है बेकार की बातों के लिए!

कविता : बेकार बातें?

संजय : और क्या? एक अजीब जमघट होता है इन पार्टियों

है। मैनेजर, निर्देशक, अभिनेता, आलोचक सभी हैं। हैं। वहाँ नाटक व रंगमंच की समस्याओं पर विचारों का आदान-प्रदान। अक्सर ड्रामा सीन, 'रिकग्नीशन' पाने की होड़ में दूसरों को उखाड़-पछाड़ करना, और अपना एक विशेष प्रकार बना लेने की कोशिश करना। पहले अच्छा लगता था मुझे भी, लेकिन अब घुटन-सी होने लगी है यह सब देखकर। ठोस काम करने की बजाय अपनी कुर्सी बचाना ही कुछ लोगों का ध्येय बन चुका है। छोटे-छोटे क्लिक, ग्रुपबाज एडमिनिस्ट्रेशन कायम करकर चलते हैं यह लोग अपने-अपने छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए।

काफी पीता है।

विराम

संजय : आप चुप हो गईं ?

कविता : समझ नहीं आता क्या बात करूँ ?

संजय : मेरी तारीफ करने के अलावा, कुछ भी।

कविता : मुझे बोलने में काफी दिक्कत होती है। बात करने की आदत नहीं रही।

संजय : ऐसा लगा तो नहीं।

कविता : आज बहुत दिनों बाद मैंने एकसाथ इतनी बातें की हैं।

संजय : वरना रोज क्या करती है ?

कविता : इस समय अक्सर एक न एक पार्टी होती है। अपने को रोज बढ़िया से बढ़िया कपड़ों में लपेटकर वहां ले आना होता है। रोज वही बातें, वही लोग, वही शराब के दौर। बीच में कभी-कभी थियेटर—आपका अभिनय—

सिर्फ रूटीन तोड़ने के लिए। वहां भी देखना, सुनना ही—बोलना ना के बराबर। फिर क्या बात करूं?

संजय : फिर भी कुछ तो।

कविता : आज मौसम अच्छा है।

संजय : किसने कह दिया।

हंसता है। कविता चुपके से उठकर टेलीफोन मिलाती है।

कविता : हेलो! मिसेज गौतम। क्या'''उन्होंने कहा मैं घर पर हूं। थोड़ी तबीयत खराब है'''आपने कहा नहीं, मैंने टेलीफोन किया था'''क्या बोले? हूं-हां कर रहे थे। अच्छा, ठीक है। थैंक्यू।

फिर नम्बर मिलाती है, शायद फिर 'एंगेज्ड' है।

कविता : घर का टेलोफोन कटा है शायद'''

इस बीच संजय फिर नाटक पढ़ने लगा है।

कविता : क्या पढ़ रहे हैं?

संजय : नाटक'''

कविता : कब कर रहे हैं?

संजय : जल्दी ही।

विराम

कविता : जिस समय मैं आई, उस समय आप'''

संजय : अकेला रिहर्सल कर रहा था क्योंकि और लोग आ नहीं सके। समय इतना कम रह गया है और आज रिहर्सल हो नहीं पाई।

कविता : आप हमेशा अभिनेता की तरह ही बोलते हैं।

शंकर : [illegible] हैं। [illegible]
[illegible] है।

कविता : और आपको [illegible] के लिए भी ?

शंकर : [illegible] हैं। [illegible] को [illegible]
[illegible] हो सके।

कविता : [illegible] हो ?

शंकर : [illegible]।

दोनों हँसते हैं।

कविता : तो आप भी [illegible] ?

शंकर : [illegible] ?

कविता : [illegible] ?

शंकर : क्या ?

कविता : हाँ।

शंकर : अच्छा, फिर इसको खत्म कीजिए।

कविता : कोई लड़की [illegible]…

शंकर : दरअसल यह प्रेम-कहानी है। युवक और लड़की में
सच्चा प्यार है।

कविता : वह तो सच्चा होगा ही…कम से कम नाटक में।

छिपकर आई है, या···

संजय : या···?

कविता : हां, या ? पढते हैं—पता चल जाएगा।

संजय : आप खुद सीन पढ लीजिए।

इस बीच संजय मंच की स्थिति तैयार करता है।

संजय : युवक यहां बैठा पढ़ रहा है—आप उधर से आती हैं।

कविता : मैं ?

संजय : आप नहीं, वह लड़की···चरित्र।

कविता : एक बात बताइए—युवक उसके आने की प्रतीक्षा कर रहा था ?

संजय : था···

हंसी।

कविता : ···मैं आती हूं।

संजय पढ़ रहा है। कविता बाहर से आती है।

लड़की : क्या कर रहे हो ?

युवक : ओह ! तुम। कैसे आई ? मतलब, बस से या···

लड़की : बताओ कैसे आई ?

युवक : टैक्सी से।

लड़की : उहू।

युवक : पैदल···

लड़की : गलत।

युवक : बस, आ गई ?

लड़की : दौड़ती हुई।

संजय   आप हमेशा अपनी तरह
        को फिर भी मेरी आवाज़
कविता   और आपको फिर बात
संजय { . चापलूसी, झूठ, हिपोक्रेसी
        } यह कहने का साहस भी
कविता   कहना खतरनाक हो तो
संजय   : पति-पत्नी सुख से रहें। प
                        दोनों हंसते
कविता   तो आज की रिहर्सल ?
संजय   क्या करूं ?
कविता : उस लड़की का पार्ट यदि
संजय   : सच !
कविता : हां।
संजय   : अच्छा, फिर काफी सम्भ
कविता . थोड़ी कहानी बताइए…
संजय   : दरअसल यह प्रेम-कहानी
        सच्चा प्यार है। ...

संजय : बताइए।

विराम

युवती : जैसे शाम घिरने लगती है, मैं तुमसे अलग नहीं रह सकती।

युवक : मैं भी अपने को काम में लगा लेता हूं। बैठो, या कहीं घूम आएं।

युवती : नहीं...यहीं तुम्हारे साथ।

युवक के गले में हाथ डाल देती है।
युवक उसकी ओर निहारने लगता है।

कविता : आप तो गम्भीरता से...

संजय : अब ?

कविता : गुस्से से देख रहे हैं...। इस तरह देखिए...उदासी से।

करके दिखाती है। संजय की हंसी।

कविता : चलिए, फिर से।

कविता अपना संवाद बोलकर हाथ डालती है। संजय उदासी से देखता है।

कविता : ठीक।

संजय : युवक उदासी से क्यों देखता है ?

कविता : आप जानिए...आपने पूरा नाटक...

संजय : आपकी समझ मुझसे ज्यादा है।

कविता : बात यह है—युवक मध्यवर्ग का हिन्दू है—डर रहा है साला।

दोनों हंसते हैं।

कविता : 'आई एम सॉरी।' सोचता है, किस चक्कर में फंस रहा हूं।

संजय : यहां दोनों की हंसी है।

कविता : पहले कौन हंसेगा?

संजय : साथ-साथ···। चलिए···

दोनों हंसते हैं।

कविता : आपकी हंसी अच्छी नहीं आई।···फिर से।

दोनों हंसते हैं।

लड़की : जैसे शाम घिरने लगती है, मैं तुमसे अलग नहीं रह सकती।

युवक : मैं भी अपने को शाम में समा लेता हूं। बैठो···या कहीं घूम आएं।

लड़की : नहीं···यहीं तुम्हारे साथ।

विराम

कविता : ऐसा वह क्यों कहती है?

संजय : आप बताइए।

कविता : लड़की चाहती है, वह युवक के साथ बाहर निकले, पर डरती है। इसलिए मजबूरन कमरे में ही।

संजय : इसके बाद लड़की युवक के गले में हाथ डाल देती है। यह हो गया···युवक उदास उसकी ओर निहारने लगता है—आगे पढ़िए।

कविता : वाह। आगे कैसे? बिना 'ऐक्शन' के संवाद कैसे? लड़के के बोलने के ढंग में फर्क आना चाहिए।

संजय : आप तो सचमुच···

कविता : चलिए, मैं करती हूं।···यह लड़की नाम ठीक नहीं रहेगा, इसे युवती कहिए। आप देख क्या रहे हैं?

कविता : अन्त क्या होता है ?
संजय : अन्त बाद में।
कविता : जो भी हो, जीवन और नाटक में फर्क होना ही चाहिए।
संजय : अभी आपने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए।
कविता : हां, मैंने ?
संजय : हां।

सन्नाटा

संजय : अच्छा आप सिर्फ पढ़ती जाइए, युवती का संवाद। मैं अपना अभ्यास करता चलूं।...यह दृश्य।
कविता : चलिए...

विराम

कविता : युवती मुस्कराकर...
संजय : आप मुस्कराइए नहीं, 'डाइलॉग' बोलिए। चलिए...
कविता : कम से कम यहां तो मुस्कराने दीजिए।
संजय : अच्छा, काफी खत्म कर लीजिए।
कविता : यहां बनावटी मुस्कान होनी चाहिए—इस तरह।
संजय : प्लीज, आगे पढ़िए।
कविता : और 'ऐक्शन' ?
संजय : यह भी पढ़ दीजिए।
कविता : नाटक को पढ़ा-पढ़ाकर ही तो सत्यानाश किया है। अच्छा बोलिए।
युवती : (मुस्कराकर) मेरी ओर देखो। आप देखने क्यों लगे ?
संजय : 'सॉरी'...पढ़िए।
युवती : (मुस्कराकर) मेरी ओर देखो।

संजय : बिलकुल नहीं।

कविता : युवती ने कहीं अन्त आत्महत्या की बात भी की होगी।

संजय : 'हाईवरली'...आपने यह नाटक पढ़ा है?

कविता : ऐसे ही होता है।

संजय : 'क्लाइमेक्स' में पढ़ने वाली चीज है। लेकिन...पढ़िए, तब तक मैं आपके लिए और काफी...

कविता पढ़ रही है। संजय काफी बना रहा है।

कविता : वाह! वाह!

हंसती

संजय : ऐसा होता नहीं क्या?

कविता : होता तो ऐसे ही है...मगर ऐसा होना नहीं चाहिए।

पढ़ने में डूब जाती है।

संजय : काफी पीती चलिए...

संजय के हाथ से कप उठाकर पीती चलती है और पढ़ने में खो गई है। प्लेट संजय लिए खड़ा है।

कविता : अरे...आप इस तरह। मैंने फिर काफी पी ली?

संजय : आपने नहीं, उस युवती ने।

कविता : क्या?

संजय : हाँ।

कविता : जी नहीं।

संजय : इजाजत हो तो मैं भी काफी पी लूँ?

कविता पढ़ रही है।

वजह अभी निहारती है।

युवती : मेरी आंखों में देखो।

युवक : कविता।

कविता : कविता...यह युवती का नाम...

संजय : 'कोशिश'...मेरी आँखें।'

युवक : चुप।

युवती : तुम्हारे बिना मेरा कोई अस्तित्व नहीं।

युवक : अब भी सोच लो।

युवती : सब साफ हो गई।

युवक : अगर इस तरह शादी कर महिला कहलाती है।

युवती : इस तरह की शादी कर महिला जिस तरह रहती है वह...

युवक : कोई इनकार तो किसी है।

युवती : यह इनकार नहीं चाहिए।

युवक : यह बहुत जरूरी है।

युवती : सब...सब।

कविता : (रुककर) नहीं।

विराम

युवक : लो-कल की इच्छा से शादी करना और [illegible] से शादी करना, दोनों बिल्कुल [illegible] अलग चीजें हैं। पहले का मतलब है [illegible] दूसरे का मतलब है [illegible] तुम सोचती हो कि तुम [illegible] तुम्हारे [illegible] दर्द - वह, [illegible]

संजय : और कापी दीजिए।
कविता : क्या बजा है?
संजय : साढ़े आठ।
कविता : 'बेलाफूल' का समय।
संजय : 'बेलाफूल'?
कविता : रोज साढ़े आठ बजे एक 'बेलाफूल' भेजती हूँ…दूसरों की निगाह बचाकर चालीस पर।
संजय : डाक्टर को क्यों नहीं दिखाती?
कविता : (दिखा चुकी है) अपनी जिम्मेदारी किसी को नहीं देती।
संजय : मज़ाक करती है?
कविता : आगे रिहर्सल नहीं करनी?
संजय : आपकी तबीयत।
कविता : ऐसा कुछ नहीं, चलिए।
संजय : आप सिर्फ पढ़िए, अभिनय मत कीजिए।
कविता : क्यों?
संजय : आपको…
कविता : तर्क मत कीजिए…

विराम

कविता : चलिए, रिहर्सल कीजिए।
संजय : पहले काफी।
कविता : जी नहीं। …चलिए, शुरू करती हूँ।
संजय : कहाँ से?
कविता : वहीं से—जहाँ से छोड़ा है।

कविता संजय का सिर दोनों हाथों से

लेते हैं।'''आप खुद खाना बना लेते हैं?

संजय : आपके लिए 'टोस्ट' और 'आमलेट' बना लाता हूं।

संजय भीतर चला जाता है। कविता पढ़ने लगती है, और थोड़ी देर बाद फोन करती है। निराश रख देती है। फिर पढ़ने लगती है।

कविता : (सहसा जोर-जोर से पढ़ती है) तुम आ गई'''मैं डरता था, तुम नहीं'''मतलब मैं डर रहा था, मैं इतना भाग्यशाली नहीं। तुम इस तरह चुप क्यों?

कई बार दुहराती है और एक क्षण पर आकर मूर्तिवत् चुप। समझकर सोफे पर बैठ जाती है। कुछ ही क्षणों बाद भीतर से प्लेट में केवल टोस्ट तथा कुछ और लिए संजय आता है।

संजय : अंडा सड़ा निकला'''। अचार के साथ कभी टोस्ट खाया है?'''पढ़ लिया? आप इतनी 'सीरियस' क्यों हैं?

कविता : कभी आपने सड़े अंडे का आमलेट खाया है?

संजय : सड़े अंडे का?

कविता : यह अचार क्या होता है?

संजय : अचार'''।'''आम का।

कविता : आम क्या होता है?

संजय : देखिए, ज्यादा उल्लू मत बनाइए।

कविता : टोस्ट बढ़िया है।

संजय : और अचार?

परंपरा। तुम इनमें से अपने जितने लोगों को खुश रखोगी, उतनी ही तुम्हारी खुशी है।

युवती : तुम कब की, किसकी बात कर रहे हो?

युवक : बिलकुल इसी वक्त…इसी क्षण की बात।

युवती : मैं तुम्हारे साथ हर संघर्ष, हर चुनौती लेने को तैयार हूं।

युवक : इतना आसान नहीं।

युवती : मुझे नहीं जानते।

युवक : जानता हूं—हर लड़की की तरह तुम भी…

युवती : चुप रहो।

युवक : सुनो।

युवती : कविता मर गई।

संजय चुप देखने लगता है।

कविता : क्यों?

संजय : आपने कहा—'कविता मर गई।'

कविता : अच्छा?

संजय : सच…

कविता : वाह! युवती आत्महत्या के लिए कहती है…और युवक शादी के लिए तैयार हो जाता है। वाह, खुदकशी की बात जैसे दहेज थी।

ठहाका लगाकर हंसती है।

संजय : कविता जी, यह नाटक है।

कविता : कितना बचकाना लगता है!…

संजय : सुनिए, मैं आपके लिए कुछ खाना तैयार करता हूं, तब तक आप…यह आखिरी सीन…

कविता : जी नहीं, मुझे कतई भूख नहीं। हम लोग 'डिनर' लेट

कविता : अब वह युवती नहीं, कोई नाम।
संजय : एक ही बात।
कविता : जी नहीं, नाम, गुण को खत्म कर देना है'''और उस नाम से अगर कहीं'''
संजय : आप कभी पूरी बात नहीं कहती।
कविता : भाषा का दुरुपयोग नहीं करना चाहती।
संजय : मतलब, नाटककार करते हैं?
कविता : मतलब आप निकालिए।

विराम

संजय : अच्छा, युवती कैसे आएगी?
कविता : बड़ा आसान है'''बिलकुल सहज ढंग से।
संजय : वह सहज कैसे होगी?
कविता : स्त्री के सहज-असहज में फर्क कर पाना मुश्किल है।
संजय : कमाल है!
कविता : चलिए, बैठिए'''देखिए वह आती है।

संजय बैठा इन्तजार करता है। युवती आती है।

युवक : कौन?
युवती : मैं।
युवक : तुम आ गई? मैं डरता था, भय था मुझे, कहीं तुम आ न सको।
युवती : कैसी बात करते हो?
युवक : पर यह क्या! तुम्हारी आंखों में आंसू!

दोनों चुप रह जाते हैं। एकाएक कविता को हंसी आ जाती है।

कविता : वाह ! मज़ा आ गया !

दोनों हँस रहे हैं।

कविता : मुझे पता नहीं लगा था, इस समय भी गा सकती हूँ।

संजय : आखिरी सीन पढ़ लिया ?

कविता : (चुप है।)

संजय : (अभिनय के ढंग से) आखिरी...सीन...पढ़ लिया ?

कविता : बहुत...बहुत पहले।

संजय : कैसा लगा ?

कविता : (हँसती है।)

संजय : ऐसा नहीं होता ?

कविता : होता तो ऐसा ही...पर इसका कोई असर नहीं रह जाता। आगे वही एक अहसास भर रह जाता है—यहाँ हर चीज़ मर जाती है। उसी डर से लड़ने के लिए शादी...बच्चे... मकान, घर-गृहस्थी और...और...

